स्मारकीय सिक्के, डाक डिकट व पुस्तिका का विमोचन करेंगे, 50 नोटेबल एल्युमिनाई होंगे शामिल

# एचबीटीयू शताब्दी समारोह में शिरकत करेंगे राष्ट्रपति

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 25 नवंबर को हरकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) में होने वाले शताब्दी समारोह में भाग लेने की मंजूरी दे दी है। कुलपति प्रोफेसर समशेर ने विगत दिवस राष्ट्रपति से भेंट की थी।

शताब्दी समारोह की तैयारी बैठक के दौरान कुलपति ने गठित 30 से अधिक समितियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कामों में तेजी लाएं ताकि समय से सभी कामों को पूरा किया जा सके।



## इन लोगों को दिया जाएगा विशेष निमंत्रण

प्लेसमेंट देने वाली कंपनियों के उच्चाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए 50 की संख्या तय कर दी गई है। इसी तरह 50 नोटेबाल एल्युमिनाई को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इनमें कुछ विदेश से हैं। एक हजार से अधिक लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी।

विभिन्न समितियों के बीच समन्वय और तैयारी के लिए हो रहे खर्च नियमों के अनुसार ही करने के निर्देश दिए गए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। यह भी तय हो गया कि समारोह के मौके पर तैयार हो रहे स्मारकीय सिक्के, डाक टिकट, इतिहास पुस्तिका का विमोचन और निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी राष्ट्रपति करेंगे।